Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22 जुलाई, 2022

पूर्वोत्तर भारत

बैंकॉक के सेंट्रल वर्ल्ड में भारतीय दूतावास द्वारा **ट्रेंड एमएमएस ऑफ इंडिया** के सहयोग से **29 जुलाई से 31 जुलाई, 2022** तक **पूर्वोत्तर भारत महोत्सव के दूसरे संस्करण** का आयोजन किया जा रहा है। **भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में आठ राज्य** आते हैं। इनमें **असम, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा** शामिल हैं। इस उत्सव का **पहला संस्करण फरवरी 2019** में आयोजित किया गया था। **इससे पूर्वोत्तर के भारतीय व्यापारी समुदाय के लिये व्यापार के अवसर उपलब्ध हुए हैं।** विशेषकर **पर्यटन, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण** के क्षेत्र में व्यापार को बढ़वा मिला है। **इस वर्ष के पूर्वोत्तर भारत महोत्सव में व्यापार, निवेश और पर्यटन को बढ़ावा देने पर अधिक बल दिया** जाएगा। इसके अतिरिक्त संस्कृति, शिक्षा और लोगों के बीच आदान-प्रदान के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे। तीन दिवसीय महोत्सव का **उद्घाटन 29 जुलाई, 2022** को किया जाएगा। **विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह इस उत्सव के मुख्य अतिथि होंगे।**

विश्व मस्तिष्क दिवस

दुनिया भर में मस्तिष्क स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष **22 जुलाई** को '**विश्व मस्तिष्क दिवस**' का आयोजन किया जाता है। गौरतलब है कि यह दिवस **22 जुलाई, 1957 को 'वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजी' की स्थापना के उपलक्ष में मनाया जाता है।** 22 सितंबर, 2013 को '**वर्ल्ड कॉन्ग्रेस ऑफ न्यूरोलॉजी**' की '**पब्लिक अवेयरनेस एंड एडवोकेसी कमेटी**' ने प्रतिवर्ष 22 जुलाई को 'विश्व मस्तिष्क दिवस' अथवा 'वर्ल्ड ब्रेन डे' के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव रखा था, जिसके पश्चात् **22 जुलाई, 2014 को पहली बार इस दिवस का आयोजन किया गया था।** विश्व मस्तिष्क दिवस-2022 की थीम **"सभी के लिये मस्तिष्क स्वास्थ्य"(Brain Health for all)** है। **मल्टीपल स्क्लेरोसिस** एक ऐसा रोग है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली ही **माइलिन (वसायुक्त पदार्थ जो तंत्रिका तंतुओं के चारों ओर स्थित होता है तथा आवरण के रूप में काम करता है), तंत्रिका तंतुओं** तथा **शरीर में माइलिन का निर्माण करने वाली विशेष कोशिकाओं को नुकसान पहुँचाती है।** यह **केंद्रीय तंत्रिका तंत्र, विशेष रूप से मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और दृष्टि से संबंधित नसों को प्रभावित करती है।** हालाँकि यह बीमारी पश्चिम के देशों में अधिक प्रचलित रही है, लेकिन हाल के दिनों में भारत में भी इसके मामले बढ़ रहे हैं। **20-40 वर्ष आयु वर्ग के वयस्क, विशेष रूप से महिलाएँ मल्टीपल स्क्लेरोसिस की चपेट में आती हैं।** भारत में जागरूकता बढ़ाने, बड़े पैमाने पर इस महामारी के संबंध में अध्ययन करने, समर्पित मल्टीपल स्क्लेरोसिस क्लीनिक खोलने, इष्टतम पुनर्वास आदि जैसी अन्य सेवाओं की अत्यधिक आवश्यकता है।

व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा

हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने "व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा" शुरू की है। इससे SBI ग्राहकों को व्हाट्सएप पर बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने में सहायता मिलेगी और ग्राहकों के लिये बैंकिंग आसान हो जाएगी क्योंकि इससे SBI एप डाउनलोड करने की ज़रूरत नहीं रह जाएगी। ग्राहक खाते की शेष राशि की जाँच और व्हाट्सएप पर मिनी स्टेटमेंट प्राप्त कर सकेंगे। यह बैंक और ग्राहकों के बीच आसान डेटा ट्रांसफर की सुविधा प्रदान करेगा। SBI कॉर्पोरेट ग्राहकों एवं एग्रीगेटर्स हेतु एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) बैंकिंग भी शुरू करेगा। इस प्रणाली के तहत API का उपयोग बैंक और क्लाइंट सर्वर के बीच संवाद करने के लिये किया जाता है। जुलाई 2017 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) से मंज़ूरी मिलने के बाद वर्ष 2020 में व्हाट्सएप ने भारत में भुगतान सेवाओं की शुरुआत की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-july-2022